हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
रविवार 21 जून 2026 बर्ष 02 अंक 161 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

अनमोल वचन
कमाओ–कमाते रहो और तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीज सस्ती न लगने लगे.
जिस व्यक्ति का लालच खत्म, उसकी तरक्की भी खत्म.

## मोदी के 12 साल पूरा होने पर भाजपा ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां
## मंत्री संजय सिंह टाइगर बोले– दुनिया में बढ़ा भारत का मान–सम्मान

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मेहनोंर स्थित भाजपा कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं कानून मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान विपक्ष जनता के मुद्दों को उठाने के बजाय केवल विरोध की राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में असफल साबित हुआ है, जिसके कारण उसकी स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना तथा स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। साथ ही सड़क, रेल, हवाई अड्डों, एक्सप्रेस–वे और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।संजय सिंह टाइगर ने कहा कि मोदी सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ा रही है।



उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी भारत ने अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया तथा विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई।अकार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल होगा। अंत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



## पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी
## बिहार के 73 लाख किसानों को मिले 1463 करोड़ रुपये




**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना स्थित बिहार कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती) सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त किसानों के खातों में जारी की गई। कार्यक्रम के तहत बिहार के 73 लाख से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1,463 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि किसानों के चेहरे पर खुशहाली ही बिहार की समृद्धि और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ–साथ समेकित खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और विविध कृषि गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।. उन्होंने बताया कि बिहार सरकार किसानों को कृषि कार्यों के लिए मात्र 64 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करा रही है, जिससे खेती की लागत कम हो रही है और किसानों को राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाने और कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिक. ारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## वायरल वीडियो और सीसीटीवी से खुला राजगीर कांड का राज
## राजगीर मॉब लिंचिंग केस में 4 गिरफ्तार, अन्य आरोपितों की तलाश तेज

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** राजगीर थाना कांड संख्या 411/26 एवं 412/26 में नालंदा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले की जांच कर रही विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने अब तक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गठित एसआईटी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान पहले एक अभियुक्त की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीन अन्य आरोपितों की पहचान कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ तथा तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य तीन से चार व्यक्तियों की पहचान भी कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपितों में सिलाव थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी संतू राम, छबिलापुर थाना क्षेत्र के मेयार गांव निवासी विवेक




प्रसाद तथा शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र स्थित रजौरा गांव निवासी मणि कुमार शामिल हैं। एक अन्य आरोपित को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।नालंदा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि घटना से संबंधित मारपीट के वीडियो अथवा अन्य संवेदनशील सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा या वायरल न करें। पुलिस की सोशल मीडिया सेल विभि. न्न प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रख रही है और संबंधित वीडियो को हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। नालंदा पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले के अनुसंधान में तेजी से प्रगति हो रही है और शेष आरो. पितों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# NEET परीक्षा को लेकर बिहारशरीफ में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। परीक्षा के दिन 21 जून 2026 (रविवार) को बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के आगमन को देखते हुए सुबह 6 बजे से परीक्षार्थियों के प्रस्थान तक यातायात संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में परीक्षा अवधि के दौरान ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप समेत सभी बड़े व्यावसायिक वाहनों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा हॉस्पिटल चौराहा, भैंसासुर होते हुए अम्बेर चौक तक आने–जाने वाले मार्ग पर भी बड़े वाहनों का प्रवेश और परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा।




**वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था**

प्रशासन ने आम लोगों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए हैं। अम्बेर चौक से हॉस्पिटल मोड़ तक ऑटो, ई–रिक्शा एवं दोपहिया वाहनों का परिचालन जारी रहेगा। वहीं सोहसराय की ओर से समाहरणालय जाने वाले ऑटो एवं ई–रिक्शा मोगलकुआं, एतवारी बाजार होते हुए समाहरणालय और फिर अम्बेर चौक की ओर जाएंगे। पटना, नवादा एवं राजगीर से आने वाली बसों और भारी वाहनों का संचालन सोहसराय 17 नंबर मोड़, मोरा पिचासा, रामचंद्रपुर बस स्टैंड तथा कारगिल बस स्टैंड से किया जाएगा। नवादा एवं राजगीर की ओर से आने वाली सभी बसें केवल कारगिल बस स्टैंड और रामचंद्रपुर बस स्टैंड तक ही संचालित होंगी।

इसके अतिरिक्त सरकारी बस स्टैंड का संचालन भी अस्थायी रूप से कारगिल बस स्टैंड से किया जाएगा। बरबीघा एवं अस्थावां की ओर से आने–जाने वाली सभी सवारी बसें बरबीघा बस स्टैंड तक ही सीमित रहेंगी।

**पांच स्थानों पर बनाए गए ड्रॉप गेट और बैरियर**

यातायात नियंत्रण के लिए प्रशासन ने एतवारी मोड़, न्यू रहुई रोड–मोगलकुआं सोहसराय, समाहरणालय का पिछला गेट, बरादरी मोड़ तथा अम्बेर–रहुई रोड तिनमुहानी पर ड्रॉप गेट एवं बैरियर लगाने का निर्णय लिया है।

**पार्किंग के लिए निर्धारित स्थल**

वाहनों की पार्किंग हेतु बरबीघा बस स्टैंड (खंदक पर), सरकारी बस स्टैंड रांची रोड, ब्लॉक मोड़ के दोनों ओर, सोगरा उच्च विद्यालय मैदान तथा नालंदा कॉलेजिएट विद्यालय परिसर को चिन्हित किया गया है।

**अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहारशरीफ को ड्रॉप गेट, बैरियर एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं यातायात थाना, लहेरी, बिहार, दीपनगर एवं सोहसराय थानाध्यक्षों को अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर विधि–व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) एवं सार्जेंट मेजर, पुलिस लाइन नालंदा से चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है, ताकि आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित हो सके। हालांकि यह आदेश प्रशासनिक वाहनों, एम्बुलेंस तथा अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों पर लागू नहीं होगा।

# नीट परीक्षा को लेकर बिहारशरीफ में धारा–163 लागू 500 गज दायरे में जुटान और हथियारों पर प्रतिबंध


**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा 2026 को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बिहारशरीफ अनुमंडल प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। अनुमंडल क्षेत्र के तीन परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा–163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिला दंडाधिकारी, नालंदा के संयुक्त आदेश के आलोक में 21 जून 2026 (रविवार) को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें किसान कॉलेज, नालंदा, नालंदा कॉलेज, नालंदा तथा एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ शामिल हैं। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) किसलय श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में धारा–163 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी केंद्र के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, अनधिकृत आवाजाही तथा किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर रोक रहेगी। इसके अलावा लाठी, भाला, गड़ासा, आग्नेयास्त्र सहित किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध लाइसेंसी हथियारों पर भी लागू होगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही गश्ती दलों को भी सक्रिय रखा गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी केवल आवश्यक लेखन सामग्री ही परीक्षा केंद्र में ले जा सकेंगे। मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक अथवा आपत्तिजनक सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में स्थित सभी फोटोस्टेट दुकानें, साइबर कैफे एवं कोचिंग संस्थान परीक्षा के दिन सुबह 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक बंद रहेंगे। साथ ही लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी पूर्ण रोक लगाई गई है। हालांकि यह आदेश परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, शवयात्रा तथा ऐसे व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा जो लाठी के सहारे चलते हैं। प्रशासन ने आम लोगों से परीक्षा के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा अवधि तक प्रभावी रहेगी।

# खड़ी ई रिक्शा में कार ने मारी टक्कर एक व्यक्ति की हुई मौत, दो लोगों में जख्मी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट तेलमर (नालंदा)।** तेलमर थाना क्षेत्र के करौटा–सलेमपुर मार्ग पर तेलमर गांव के पास शनिवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गया जबकि इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद वहां पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही मृतक की पहचान तेलमर गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा के रूप में की गई। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के समीप स्थित साधु बाबा स्थान के पास सड़क किनारे एक टोटो खड़ा था। पटना की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। जिससे ई रिक्शा पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए।जहां एक की मौत हो गई। थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया है। घटना में दो लोग जख्मी हुए हैं जिसका इलाज चल रहा है।

# अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** कल्याण बिगहा थाना के पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है।वहीं थानाध्यक्ष निशा भारती ने शनिवार को बताया कि एक तस्कर को 750 एमएल के तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपी मोहम्मदपुर बलवा गांव के निवासी रणवीर यादव के पुत्र मोहित कुमार है।जिसे मोहम्मदपुर बलवा गांव से गिरफ्तार किया गया।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# पावापुरी थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे और हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (बिहार)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पावापुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष भावना कुमारी ने की। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष भावना कुमारी ने कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के हथियार या अस्त्र–शस्त्र के प्रदर्शन एवं प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक तरीके से केवल लाठी–डंडे के साथ जुलूस एवं अन्य ध. ार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। प्रशासन की प्राथमिकता पर्व को शांतिपूर्ण एवं भा. ईचारे के माहौल में संपन्न कराना है। बैठक के दौरान चोरसुआ पंचायत के बकरा गांव के पंचायत समिति प्रतिनिधि रामानंद केवट एवं समा. जसेवी मोहम्मद तसदूक आजम ने बकरा गांव स्थित इमामबाड़ा में जलजमाव की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में इमामबाड़ा पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे हर वर्ष मुहर्रम के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई बार गिरियक प्रखंड कार्यालय, राजगीर अनुमंडल कार्यालय एवं जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने तथा नालियों एवं गलियों की बदहाल स्थिति के कारण बारिश के समय इमामबाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में पानी भर जाता है, जिससे धार्मिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।साथ ही लोगों से शांति एवं सौ. हार्द बनाए रखने, प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बैठक में एएसआई तिवारी, एएसआई अनिल राम, एएसआई प्रमोद कुमार सिंह, पीटीसी अमित कुमार, पैक्स अध्यक्ष अशोक उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समा. जसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।







# पावापुरी मेडिकल कॉलेज में सनसनी: 2 दिन की नवजात बच्ची को बाथरूम सीट में फेंका, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**केशववाणी पावापुरी (नालंदा)।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। अस्पताल परिसर के बाथरूम में महज दो दिन की नवजात बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आरोप है कि बच्ची के सिर को ऐंठकर उसे बाथरूम की सीट में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे डॉक्टरों और कर्मियों ने स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे परिसर के ब्ब्ट फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। वहीं पुलिस भी हर एंगल से मामले की जांच कर रही है । यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नवजात को किसने और किन परिस्थितियों में इस तरह फेंका।सूत्रों की मानें तो नवजात हाल ही में अस्पताल में जन्मी थी, ऐसे में शक की सुई अस्पताल में भर्ती किसी महिला या उसके परि. जनों की ओर भी जा रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर कैसे एक नवजात को इस तरह बाथरूम तक ले जाकर फेंक दिया गया और किसी को भनक तक नहीं लगी पावापुरी थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष भावना कुमारी का कहना है कि जल्द ही ब्ब्ट फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ जकी जमाल ने कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना हुई है। साथ ही दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# चेरो गांव से मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त को चेरो ओपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** चेरो ओपी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से मारपीट के मामले में लंबे दोनों से फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। चेरो ओपी थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने शनिवार को बताया कि मारपीट के मामले में चेरो गांव निवासी स्वर्गीय राजनंदन पासवान के पुत्र रवि पासवान एवं स्वगीर्य रामचंद्र पासवान के पुत्र यदु पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2011 में मारपीट की घटना को अंजाम दिया था उसके बाद से वह फरार चल रहे थे कोर्ट के निर्देशन पर उन्हें गिरफ्तार किया किया।

# विकास मित्र की हुई सप्ताहिक बैठक



**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय स्थित बीपीआरओ भवन में शनिवार को विकास मित्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कल्याण पदाधिकारी (बीडब्ल्यूओ) नवीन कुमार निराला ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न दलित एवं महादलित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने सभी विकास मित्रों को अपने–अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास मित्रों को क्षेत्र भ्रमण कर लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान कराने तथा योजनाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया। समीक्षा के दौरान विकास रजिस्टर पोर्टल पर लंबित मामलों पर विशेष चर्चा हुई। संबंधित विकास मित्रों को निर्देश दिया गया कि लंबित आवेदनों का सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन कर अपडेट करें।साथ ही समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने और विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने पर भी जोर दिया गया।इस सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदन को भी ससमय निष्पादन का निर्देश दिया।मौके पर विकास मित्र के कोर्डिनेटर प्रतीक्षा रवि सहित अन्य विकास मित्र उपस्थित थे।

# भूमि विवाद से जुड़े 10 मामलों की सुनवाई

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय स्थित सीओ कक्ष में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल. ाधिकारी पूजा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस दरबार में भूमि विवाद से जुड़े 10 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 5 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।इस दौरान हरनौत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, सीआई रामानंद प्रसाद, लिपिक मनीष कुमार सहित अंचल एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जनता दरबार में हरनौत, कल्याण बिगहा, चेरो ओपी सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों से स्वामित्व विवाद, भूमि बंटवारा, सीमांकन और अतिक्रमण से संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए।अंचलाधिकारी कुमारी ने बताया कि सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए 10 मामलों में से 7 पहले से लंबित थे, जबकि 3 नए आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी मामलों की सुनवाई वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों की उपस्थिति में की गई, और उनके बयानों तथा उपलब्ध दस्तावेजों की गहन जांच की गई।हरनौत , चेरो ओपी एवं कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से संबंधित 5 मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया।




ये मामले मुख्य रूप से स्वामित्व और भूमि बंटवारे से जुड़े थे।शेष 5 मामलों का निपटारा विभिन्न कारणों से नहीं हो सका। कुछ मामलों में दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो पाया, जबकि कुछ में वादी या प्रतिवादी अनुपस्थित रहे, जिससे सुनवाई अधूरी रह गई। इन सभी लंबित मामलों के संबंधित पक्षों को अगली निर्धारित तिथि पर भूमि से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# विकसित भारत संकल्प सभा में अनीता कुमारी ने सैकड़ों महिलाओं को दिलायी भाजपा की सदस्यता



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के मेहनौर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शनिवार को विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष अनिता कुमारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनसेवा के संकल्प को देखकर आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास और समर्पण का भाव रखता है। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष अनिता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने का मतलब केवल पद प्राप्त करना नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाकर समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। अनिता कुमारी ने कहा कि महिलाएं स्वयं सशक्त बनकर अपनी आवाज बुलंद करें और समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के विकास और जनकल्याण के लिए जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया गया है, उससे देश की जनता प्रभा. वित हुई है और यही कारण है कि आज भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। सभा के दौरान पार्टी नेताओं ने विकसित भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं महिला सदस्य उप. स्थित रहीं।

# सिरनावा गांव में पूर्व के विवाद में हुई जमकर मारपीट, एक ही परिवार के आधे दर्जन लोग हुए जख्मी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोग को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट रहुइ (नालंदा)।** नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत बेना थाना के सिरनावां गांव में एक कट्ठा जमीन के विवाद को लेकर शुक्रवार की रात दो पक्षों के बीच हुई हिंसक मारपीट में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घायलों की पहचान सुशीला देवी, मदन तांती, मारुति तांती, धर्मेंद्र कुमार, अनंत तांती और पूजा देवी के रूप में हुई है। पीड़ित मदन तांती ने बताया कि वह शुक्रवार की देर शाम ऑटो चलाकर घर लौटा था। इसी दौरान गोतिया के कुछ लोग, जो कथित रूप से शराब के नशे में थे, उससे उलझ पड़े और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब परिवार के सदस्य बचाने पहुंचे तो चार लोगों ने लाठी–डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।हमले में मदन तांती का सिर फट गया, जबकि उसकी मां, भाई और पत्नी समेत अन्य परिजनों को भी गंभीर चोटें आई हैं। मदन ने बताया कि करीब एक कट्ठा जमीन को लेकर पिछले पांच–छह महीनों से विवाद चल रहा है।



डेढ़ माह पहले भी इसी जमीन विवाद को लेकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट की गई थी। आरोप है कि अब विरोधी पक्ष केस नहीं करने की धमकी भी दे रहा है।सदर डीएसपी–2 संजय जायसवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में दो आरोपी सुधीर ताती एवं ज्वाला ताती को गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी गई है।

